उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.07.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 03.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.07.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 03.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खन्ना की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.07.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे, 08 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक-02.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्र0नि0 अवधेश कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 संदीप विमल के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के एच0पी0 पेट्रोल पम्प के आगे बायी तरफ बने नये हाईवे के पास वहद मुहल्ला भैरवगंज अवस्थित सार्वजनिक स्थान के पास तास के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये **05** नफर अभियुक्तों को मय मालफड 1670/-रूपये व 52 अदद ताश पत्ते व जामातलाशी 300/रूपये कुल 1970/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थान चौरसिया पेट्रोल पम्प के सामने बने नये हाइवे वहद ग्राम कस्बा व थाना श्रीनगर के पास तास के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये **03** नफर अभियुक्तों को मय मालफड 2050/-रूपये व 52 अदद ताश पत्ते व जामातलाशी 360/रूपये कुल 2410 /- रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी व उनके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना श्रीनगर में क्रमशः मु0अ0सं0 132/25 व मु0अ0सं0 133/25 धारा 13 जुंआ अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण :-

(प्रथम पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण) 1.राजकुमार प्रजापति पुत्र बच्चा उम्र 18 वर्ष 2.बराती कुशवाहा पुत्र स्व0 हल्के उम्र 26 वर्ष 3.नीरज कुशवाहा पुत्र महाप्रसाद उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण मु0 मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जिला महोबा 4. राजकुमार अहिरवार पुत्र नाथूराम उम्र 27 वर्ष निवासी मु0 भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा53. सुनील प्रजापति पुत्र तुलसी प्रजापति उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड श्रीनगर के पास कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा

(द्वितीय पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण) 1. रामप्रकाश कुशवाहा पुत्र गनेशीलाल उम्र 42 वर्ष नि0 ग्राम उजरा थाना गढीमलेहरा जिला छतरपुर म0प्र0 **2.**गोविन्द कुशवाहा पुत्र रामकृपाल कुशवाहा उम्र 23 वर्ष **3.**मुन्ना कुशवाहा पुत्र हरिचरन उर्फ मोतीलाल उम्र 34 वर्ष निवासीगण मु0 भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर महोबा

भागे हुये अभियुक्तगण 1.आशीष कुशवाहा पुत्र बबलू कुशवाहा उम्र 19 वर्ष 2. रविन्द्र कुशवाहा पुत्र मूलचन्द कुशवाहा 3.बबलू कुशवाहा पुत्र विश्वनाथ कुशवाहा उम्र 36 वर्ष निवासीगण मोहल्ला भैरवगंज कस्बा व थाना श्रीनगर महोबा 4.पपन शर्मा पुत्र लखनलाल शर्मा उम्र 40 वर्ष नि0 बस स्टैण्ड थाना श्रीनगर महोबा

गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण :-

1. उ0नि0 संदीप विमल 2.हे0कां0 विनोद कुमार 3. हे0का0 राजकुमार 4.हे0कां0 रमाशंकर
1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह 2.उ0नि0 निकिता शुक्ला 3.का0नितेश कुमार 4.का0 सुरेन्द्र

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 03.07.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना चरखारी क्षेत्र में दुलदुल घोड़ा जुलूस को लेकर डीआईजी चित्रकूटधाम बाँदा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा एवं ब्रीफिंग

आज दिनांक 03.07.2025 को थाना चरखारी परिसर में डीआईजी चित्रकूटधाम, बाँदा महोदय श्री राजेश एस. द्वारा आगामी दुलदुल घोड़ा जुलूस के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नियुक्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण

उपस्थित रहे।

डीआईजी महोदय ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शांति, सौहार्द एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जुलूस मार्ग की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक रणनीति एवं सुरक्षा उपायों की समीक्षा की तथा बल के कर्तव्यों का स्पष्ट रूप से विभाजन करते हुए सभी को सतर्कता के साथ ड्यूटी पर तैनात रहने हेतु प्रेरित किया।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में जुलूस संपन्न कराने हेतु सतर्क एवं सजग रहते हुए कर्तव्य निर्वहन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए फोर्स को अनुशासित, संवेदनशील व जिम्मेदार होकर कार्य करना होगा।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासित, संवेदनशील एवं समर्पित भाव से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि कोई भी अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो तथा जुलूस सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

ब्रीफिंग के उपरांत डीआईजी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का मौके पर जायजा लिया गया। जुलूस के निर्धारित मार्गों का निरीक्षण कर संवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया तथा वहां विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला पुलिस प्रशासन महोबा द्वारा शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।